मोतीलाल राष्ट्रीय अभियंत्रण संस्थान की अनूठी पहल

अनाथ बच्चों की मदद कर सराहनीय कार्य कर रहे मोतीलाल राष्ट्रीय अभियंत्रण संस्थान के लखनऊ सभा के पुराछात्र

लखनऊ। प्रभात

मोतीलाल राष्ट्रीय अभियंत्रण संस्थान के पुराछात्रों की लखनऊ-सभा के प्रेसिडेंट डा. भरत राज सिंह ने नेतृत्व में पदाधिकारियो द्वारा अगले 6 माह की योजना तैयार हुई। सचिव पियूष सहाय व वरिष्ठ वाइस प्रेसिडेंट मंजीत सिंह द्वारा दृष्टि सामाजिक संस्थान को चयनित किया गया, जो सेक्टर-7, नीता बहादुर मार्ग, जानकीपुरम योजना में स्थापित है। यह संस्था पिछले 20 वर्षो से ऐसे अनाथ वच्चों को जो मानसिक तौर से कमजोर है और उनके माता-पिता उन्हें कहीं छोड़कर चले गये उनकी सेवा मे लगे हुये हैं। उनकी देख-भाल, भरण-पोषण और दवा एव थेरपी आदि द्वारा तथा उनमें हुनर सिखाकर समाज में उनकी सशक्त पहचान बनाने मे लगे हुये हैं। डा. भरत राज सिंह ने कहा कि संस्था के इस जज्बे को सलाम करते हुये, जाड़े के कपड़ों (कम्बल, स्वेटर, कोट आदि) का दान किया तथा यह भी निर्णय लिये कि उनकी आवश्यकता के अनुसार धुलाई मशीन टी.वी. आदि के लिये धन संग्रहकर उन्हें उपलब्ध करायेंगे । यह भी अपील है कि जो भी लोग ऐसे पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी चाहते है, वह सीधे भी संपर्क कर सकते है, परन्तु वह धन स्वीकार नहीं करते।